बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

(राजभाषा)

निविदा

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा), बिहार सरकार द्वारा 'राजभाषा' हिन्दी त्रैमासिक पत्रिका के मुद्रण/प्रकाशन हेतु निबंधित मुद्रकों/प्रकाशकों से निम्न शर्तों के तहत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

(i) वित्तीय वर्ष 2024–25 में 1–4 एवं 2025–26 में 1–4 (कुल आठ अंक) में पत्रिका के त्रैमासिक अंकों का मुद्रण किया जाना है, जिसके प्रत्येक अंक का मुद्रण एक–एक हजार प्रतियों में होगा।

(ii) 28 से.मी.×22 से.मी. आकार में पत्रिका मुद्रित होगी। प्रत्येक अंक में आवरण पृष्ठ सहित 80–150 पृष्ठ होंगे। निविदा की दर प्रति पृष्ठ अपेक्षित है।

(iii) पत्रिका का मुद्रण चार रंगों में 90 जी.एस.एम. आर्ट पेपर पर होगा।

(iv) आवरण पृष्ठ का मुद्रण बहुरंगी (मल्टीकलर), 300 जी.एस.एम. बल्लारपुर अथवा जे.के. आर्टबोर्ड में तथा लेमिनेटेड होगा।

(v) प्रत्येक अंक की छपाई टाइपसेटिंग–स्कैनिंग–प्लानिंग सहित होगी।

द्रष्टव्य : निविदा दो पृथक सीलबंद लिफाफा में जिसमें 'वित्तीय निविदा' एवं 'तकनीकी निविदा' स्पष्ट रूप से अंकित हो एवं उन दोनों निविदाओं को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में दिया जाय। निविदा के साथ जी०एस०टी०, निबंधन, आयकर (विगत तीन Assesment वर्षों, 2021–22, 2022–23, 2023–24 का) तथा स्वच्छता प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है। मुद्रण–दर सभी कर सहित उद्धृत किया जाय। मुद्रक को पत्रिका प्रकाशन का विगत पाँच वर्षों के भीतर (2019–23 के बीच) का ही न्यूनतम दो वर्षों का कार्यानुभव होना अनिवार्य है। मुद्रक द्वारा पूर्व में मुद्रित किसी पत्रिका का कवर पेज/प्रिन्टेड पेज/प्रिन्टेड कॉपी का प्रतिदर्श निविदा के साथ संलग्न करना होगा। प्रतिदर्श स्वीकृत नहीं होने की स्थिति में निविदा विचारणीय नहीं होगा।

निविदा देने के पूर्व मुद्रक/प्रकाशक किसी कार्य–दिवस को कार्यालय अवधि में पाण्डुलिपि देखकर पृष्ठों का आकलन कर सकते हैं।

निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि–09.07.2024, अपराह्न–4:00 बजे तक है। निविदा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की क्रय समिति के अध्यक्ष के कार्य–कक्ष में दिनांक–10.07.2024, अपराह्न–4:00 बजे खोली जायगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं।

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित।

निविदा से संबंधित जानकारी 'राजभाषा' के website- rajbhasha.bihar.gov.in तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के website:- state.bihar.gov.in/csd पर देखी जा सकती है।

18/06/2024

(सुमन कुमार)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)
बिहार, पटना

ज्ञाप संख्या– 360 **/रा०, पटना, दिनांक–** 18-6-24

प्रतिलिपि:–आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/06/2024

(सुमन कुमार)
निदेशक
मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा)
बिहार, पटना

D:\VIVEK 2024\Surendra Sir\Nivida (Magazine-2024-25 (19-03-2024).doc